Ministry of Information & Broadcasting
Government of India
waves
WORLD AUDIO VISUAL & ENTERTAINMENT SUMMIT
Connecting Creators, Connecting Countries.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

# वेवएक्स 2025 के लिए पात्रता मानदंड का विस्तार किया गया, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अब 21 अप्रैल

## फ्लैगशिप मीडिया-टेक स्टार्टअप इवेंट पुरानी साझेदारियों के लिए नए अवसरों का विस्तार कर रहा है और देश भर में आकर्षण पैदा कर रहा है

Posted On: **16 APR 2025 5:47PM** | Location: **PIB Delhi**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, इंटरनेट एवं मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) के सहयोग से, मीडिया मनोरंजन प्रौद्योगिकी क्षेत्र में स्टार्टअप्स के लिए भारत के प्रमुख मंच, वेवएक्स 2025 की मेजबानी कर रहा है। इस संबंध में अब दो बड़ी नई घोषणाएं की गई हैं। व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने और नवाचार को बढ़ाने के लिए पात्रता मानदंडों का विस्तार किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि भी बढ़ा दी गई है।

यह घोषणा की गई है कि 2016 के बाद शुरू हुए स्टार्टअप वेवक्स 2025 के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। यह पिछले मानदंडों में एक महत्वपूर्ण बदलाव है, जो 2020 या उसके बाद स्थापित स्टार्टअप के लिए प्रवेश को सीमित कर रहा था। इस पहल से व्यापक श्रेणी के प्रतिभागियों के आकर्षित होने की उम्मीद है, विशेष रूप से वे जो मीडिया-टेक क्षेत्र में लचीलेपन, विकास और प्रभाव का ट्रैक रिकॉर्ड रखते हैं।

देश भर के उद्यमियों की तीव्र रुचि और अनुरोधों को देखते हुए, आवेदन की अंतिम तिथि भी 21 अप्रैल, 2025 तक बढ़ा दी गई है। यह विस्तार महत्वाकांक्षी मीडिया तकनीक नवप्रवर्तकों को अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय और राष्ट्रीय मंच पर अपनी अलग पहचान बनाने का अवसर प्रदान करता है।

वेवएक्स 2025 निवेश के लिए कार्यक्रम 2 और 3 मई को वेव्स 2025 शिखर सम्मेलन के दौरान मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किए जाएंगे। वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) का एक प्रमुख खंड वेवएक्स, गेमिंग, एनीमेशन, एक्सआर, मेटावर्स, जनरेटिव एआई और कंटेंट टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप के लिए एक हाई स्टेक लॉन्चपैड के रूप में तैयार है।

चयनित स्टार्टअप क्लोज्ड रूम में आयोजित पिचिंग सत्रों में भाग लेंगे और शीर्ष उद्यम पूंजी फर्मों और हाई-प्रोफाइल एंजेल निवेशकों के बीच जगह बनाने की कोशिश करेंगे। उन्हें अग्रणी उद्योग विशेषज्ञों से मार्गदर्शन, वैश्विक साझेदारों से संपर्क तथा प्रमुख प्रौद्योगिकी और मीडिया कंपनियों के साथ सहयोग करने के अवसरों का भी लाभ मिलेगा।

वेवएक्स 2025 को न केवल उभरते विचारों के प्रदर्शन के लिए तैयार किया गया है, बल्कि डिजिटल युग में कंटेंट के निर्माण, वितरण और मोनेटाइज के तरीकों को गति देने के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में भी तैयार किया गया है।

आवेदन वेवएक्स के आधिकारिक पोर्टल https://wavex.wavesbazaar.com के माध्यम से प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

**वेव्स के बारे में**

मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन, पहला वर्ल्ड ऑडियो-विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) भारत सरकार द्वारा 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित किया जाएगा।

चाहे आप उद्योग के पेशेवर हों, निवेशक हों, निर्माता हों या नवप्रवर्तक हों, यह शिखर सम्मेलन मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में जुड़ने, सहयोग करने, नवाचार करने और योगदान देने के लिए सर्वोत्तम वैश्विक मंच प्रदान करता है।

वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जिससे इसकी स्थिति कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में मजबूत होगी। फोकस में आने वाले उद्योग और क्षेत्र में: प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) शामिल हैं।

क्या आपके कोई प्रश्न हैं? उनका उत्तर यहां देखें!

पीआईबी टीम वेव्स की ओर से वेव्स के बारे में नई घोषणाओं के साथ अपडेट रहें।

आइये, हमारे साथ यह शानदार यात्रा करें! वेव्स के लिए अभी पंजीकरण करें।

************

एमजी/केसी/डीवी

**Release ID:** (Release ID: 2122247) | **Visitor Counter:** 225

Read this release in: Odia , English , Malayalam , Gujarati , Urdu , Nepali , Marathi , Assamese , Punjabi , Tamil , Telugu , Kannada

Print Page Download PDF